INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: IX	Department: Hindi	Date of submission: 30.04.2020
Worksheet No. 1	Topic- Comprehension	Note: Pl. file in portfolio

विषय: सकारात्मक सोच का महत्त्व !   **उत्तर** --

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर गद्यांश के आधार पर दीजिए : -

प्रश्न 1 ऑटो ड्राइवर को तेजी से ब्रेक क्यों लगानी पड़ी ?   1

उत्तर -ऑटो ड्राइवर को तेजी से ब्रेक एक कार से बचने के लिए लगानी पड़ी क्योंकि कार अचानक पार्किंग से निकलकर रोड़ पर आ गई थी ।

प्रश्न 2 ऑटो में बैठे व्यक्ति को कार वाले की हरकत पर गुस्सा क्यों आ रहा था ?   1

उत्तर - ऑटो में बैठे व्यक्ति को कार वाले की हरकत पर गुस्सा आ रहा था क्योंकि गलती कार चलाने वाले की थी । फिर भी वह ऑटो वाले को भला-बुरा कह रहा था ।

प्रश्न 3 ऑटो में बैठे व्यक्ति के पूछने पर ऑटो ड्राइवर ने कैसा मार्मिक जवाब दिया ?   2

उत्तर - ऑटो में बैठे व्यक्ति के पूछने पर ऑटो ड्राइवर ने मार्मिक जवाब देते हुए कहा - हमारी किस्मत अच्छी है.... नहीं तो उसकी वजह से हम अभी अस्पताल में होते। साहब, बहुत से लोग गार्बेज ट्रक (कूड़े का ट्रक) की तरह होते हैं। वे बहुत सारा कूड़ा अपने दिमाग में भरे हुए चलते हैं।

प्रश्न 4 कुछ लोग मेहनत करके कैसी अनुपयोगी चीजें जीवन भर जोड़ते रहते हैं ?   2

उत्तर – कुछ लोग जिन चीजों की जीवन में कोई ज़रूरत नहीं होती उनको मेहनत करके जोड़ते रहते हैं। जैसे - क्रोध, घृणा, चिंता, निराशा आदि। जब उनके दिमाग में इनका कूड़ा बहुत अधिक हो जाता है.... तो, वे अपना बोझ हल्का करने के लिए इसे दूसरों पर फेंकने का मौका ढूँढने लगते हैं।

प्रश्न 5 लेखक ने प्रकृति के किस नियम का उल्लेख गद्यांश में किया है ?   2

उत्तर - यदि खेत में बीज न डाले जाएँ..... तो, कुदरत उसे घास-फूस से भर देती है।
उसी तरह से ... यदि दिमाग में सकारात्मक विचार न भरें जाएँ तो नकारात्मक विचार अपनी जगह बना ही लेते हैं।

प्रश्न 6 प्रकृति का दूसरा विशेष नियम क्या है ?   2

उत्तर - जिसके पास जो होता है, वह वही बाँटता है।....... "सुखी" सुख बाँटता है, "दुखी" दुख बाँटता है, "ज्ञानी" ज्ञान बाँटता है, "भ्रमित" भ्रम बाँटता है और.... "भयभीत" भय बाँटता है। जो खुद डरा हुआ है वह औरों को डराता है, दबा हुआ दबाता है, चमका हुआ चमकाता है।

22/04/2020 Prepared by: Acharya Sushil Sharma